वर्ष 6 अंक 101
पृष्ठ 20+4=24
धनबाद, रविवार
15 अक्टूबर 2017
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण







# रैली निकालकर छात्रों ने दिया स्वच्छता का संदेश



स्वच्छता को लेकर जागरूकता रैली में शामिल डीपीएस के छात्र • जागरण

जागरण संवाददाता, आसनसोल : सीबीएसई के निर्देशानुसार दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल की ओर से आसनसोल रविन्द्र भवन से चित्रा मोड़ तक स्वच्छता अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के दौरान छात्र छात्राओं ने आमलोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। रैली के दौरान छात्र छात्राएं स्वच्छता से संबंधित अंग्रेजी, हिन्दी व बंगला भाषा में नारा लगाकर लोगों को जागरुक कर रहे थे। साथ ही स्वच्छता संदेश लिखे बोर्ड भी लिये थे। रैली का नेतृत्व कर रहे स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक राहुल प्रसाद ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से निर्देश आया था कि स्कूल में स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रम कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करें। उसी के तहत रविन्द्र भवन से कोर्ट रोड, घड़ी घर होते हुए चित्रा मोड़ तक रैली निकालकर लोगों को जागरुक किया गया। रैली में शिक्षक इंचार्ज अन्नपूर्णा शर्मा, शिक्षिका तानिया सन्याल, मेघना, अनूप मिश्रा, अभिषेक दूबे, धनंजय मिश्रा, चंद्रकपूर चौहान सहित दर्जनों की संख्या में छात्र छात्राएं शामिल थी।